CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com | Email-uttaranchaldeep@gmail.com


सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में मंगलवार
सायं 6:00 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में बुधवार
सुबह 6:04 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 93 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | मंगलवार, 29 सितम्बर 2026

वीकएंड के बाद आधे से भी कम...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### सीईसी के खिलाफ जंतर मंतर पर प्रदर्शन को पुलिस से अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रदर्शन के लिए अब तक कोई भी अनुमति जारी नहीं की गई है। इससे पहले मुंबई पुलिस ने चुनाव आयोग और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 2 अक्टूबर को शिवाजी पार्क में होने वाले कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के प्रदर्शन को मंजूरी देने से इनकार कर दिया था।

दिल्ली पुलिस के सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि एसआईआर मामले पर विपक्ष के बढ़ते विरोध के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 2 अक्तूबर को जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन के लिए दिल्ली पुलिस ने अभी तक कोई मंजूरी नहीं दी है। समाचार एजेंसीने दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि प्रदर्शन के लिए अब तक कोई भी अनुमति जारी नहीं की गई है। एसआईआर को लेकर विपक्ष और विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा ये प्रदर्शन 2 अक्तूबर को जंतर मंतर पर किया जाना था।

### फिर शुरू हुई केदारनाथ यात्रा, चीरबासा में रास्ता साफ

**रुद्रप्रयाग।** चीरबासा के पास मलबा और पत्थर आने के कारण सोमवार को रोकी गई केदारनाथ यात्रा आज मंगलवार सुबह फिर सुचारू कर दी गई। मार्ग की स्थिति सामान्य होने के बाद गौरीकुंड से केदारनाथ धाम के लिए पैदल यात्रियों की आवाजाही शुरू हो गई है। सोमवार को चीरबासा क्षेत्र में मलबा और पत्थर की चपेट में आने से एक बच्चे की मौत हो गई थी। यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए केदारनाथ पैदल मार्ग पर आवाजाही रोक दी गई। इसके बाद मार्ग की स्थिति का जायजा लिया गया और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जरूरी व्यवस्थाएं की गईं। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि चीरबासा में पैदल मार्ग की स्थिति अब सामान्य है। आज सुबह यात्रियों के लिए मार्ग खोल दिया गया।

# चक्रवात के साथ मानसून भी आज से पूरी तरह से हो जाएगा विदा

लखनऊ

हमारे संवाददाता

कई दिनों की बारिश के बाद प्रदेश के ज्यादातर जिलों में सोमवार को धूप खिलने से मौसम ने करवट लिया। बारिश और तेज हवाओं की रफ्तार थमने के साथ तापमान में भी बढ़ोतरी शुरू हो गई है। मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में सक्रिय रहा मौसम तंत्र अब कमजोर पड़ गया है। इसके असर से अगले एक सप्ताह में प्रदेश के अधिकतम तापमान में पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने का अनुमान है।

इधर सोमवार को पश्चिमी तराई के कुछ जिलों में बारिश हुई। बिजनौर में सर्वाधिक 95 मिमी बारिश दर्ज की गई। मुरादाबाद में 72 और अमरोहा में 71 मिमी बारिश हुई। क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि बारिश थमने और धूप खिलने से अब तापमान बढ़ेगा। अगले एक सप्ताह में अधिकतम तापमान में करीब पांच से आठ डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी के संकेत हैं।



### पहाड़ से लेकर मैदान तक गिरा पारा

तीन दिन बाद राजधानी देहरादून में बारिश से सुबह राहत मिली तो दोपहर बाद फिर मौसम बदल गया। झमाझम बारिश से फिर तापमान पर असर पड़ा है। पहाड़ से लेकर मैदान तक पारा गिरने से ठंड का अहसास भी होने लगा है। खासकर पर्वतीय इलाकों में सुबह-शाम के साथ दिन में भी ठंड रही।

बारिश का सिलसिला सोमवार को भी जारी रहा। हालांकि सुबह से लेकर दोपहर तक मौसम साफ रहने से लोगों ने राहत की सांस ली। लेकिन करीब तीन बजे मौसम अचानक बदला और तेज दौर की बारिश हुई। आंकड़ों पर नजर डालें तो सुबह साढ़े आठ से शाम साढ़े पांच बजे तक देहरादून में 7.3 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि दिन में यहां का अधिकतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री गिरावट के साथ 27.3 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि रात का न्यूनतम तापमान भी सामान्य से दो डिग्री कमी के साथ 18.7 डिग्री रहा। ऐसा ही हाल प्रदेश के अन्य इलाकों का भी रहा। बारिश और ऊंचाई वाले इलाकों में हुई बर्फबारी का असर पर्वतीय इलाकों में ज्यादा देखने को मिला। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, मंगलवार को भी प्रदेश के पर्वतीय जिलों के कुछ इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है।

भारत-यूएस संबंधों पर जयशंकर का बड़ा बयान

# अमेरिका हमारी चिंताओं को लेकर गंभीर नहीं: जयशंकर

नई दिल्ली/वॉशिंगटन

एजेंसी

भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान एक बड़ा बयान दिया। उन्होंने बताया किन वजहों से भारत और अमेरिका के संबंधों में वो गर्मजोशी और विश्वास पैदा नहीं हो पा रहा है, जिसकी दोनों देश उम्मीद करते हैं।

भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अमेरिका को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि भारत की सुरक्षा प्राथमिकताओं को लेकर अमेरिका गंभीर नहीं है और ये ही दोनों देशों के संबंधों में बड़ी बाधा है। जयशंकर ने परोक्ष रूप से पाकिस्तान को सीमापार आतंकवाद के लिए जिम्मेदार ठहराया और अमेरिका द्वारा पाकिस्तान के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं करने को लेकर नाराजगी भी जाहिर की। जयशंकर अमेरिका दौरे पर हैं और वहां उन्होंने न्यूयॉर्क में एशिया सोसाइटी द्वारा आयोजित एक



कार्यक्रम को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में जयशंकर ने बताया कि किन वजहों से भारत और अमेरिका के संबंधों में अभी भी कुछ बेरुखी क्यों है?

जयशंकर ने साफ तौर पर कहा कि व्यापारिक जटिलताओं के साथ ही राज्य प्रायोजित आतंकवाद एक ऐसा मुद्दा है, जिसके चलते दोनों देशों के रिश्तों में जटिलता बनी हुई है। जयशंकर ने पाकिस्तान का नाम लिए बगैर कहा कि भारत का पड़ोसी देश आतंकवाद को अपनी राज्य नीति के एक औजार की तरह इस्तेमाल करता है और उसका एक लंबा इतिहास रहा है। जयशंकर ने पूरी गंभीरता से कहा कि भारत के लिए सुरक्षा सबसे अहम है। उन्होंने कहा अगर कोई चीज हमारे लिए बेहद मायने रखती है और कोई सहयोगी देश हमारी उन चिंताओं के प्रति सहानुभूति नहीं रखता है तो इससे यकीनन समस्या पैदा होगी और संबंधों पर असर पड़ेगा।

### ट्रंप प्रशासन, पाकिस्तान के खिलाफ नहीं कर रहा कार्रवाई

जयशंकर ने कहा कि अगर हमारा सहयोगी अगर हमारी चिंताओं को नहीं समझता तो स्पष्ट तौर पर इसका असर दोनों देशों के संबंधों पर पड़ेगा। गौरतलब है कि भारत लंबे समय से पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित आतंकवाद का मुद्दा विभिन्न वैश्विक मंचों पर उठाता आया है, लेकिन अभी तक पाकिस्तान के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। खासकर ट्रंप प्रशासन ने तो पाकिस्तान को आतंकवाद के मुद्दे पर जवाबदेह ठहराने से भी परहेज किया है।

# कालिंदी पास और माउंट जोगिन से नौ पर्वतारोही निकाले, दो दिन में 49 सुरक्षित पहुंचे हर्षिल

देहरादून

हमारे संवाददाता

उच्च हिमालयी क्षेत्रों में शनिवार को हुई बर्फबारी से गंगोत्री ग्लेशियर की विभिन्न चोटियों व पास के आरोहण और ट्रैकिंग के लिए गए 136 पर्वतारोही फंस गए थे। इनमें से 40 को सुरक्षित निकाल लिया गया। आज सुबह फिर उत्तरकाशी के कालिंदी खाल ट्रैक में फंसे ट्रेकर्स को सुरक्षित निकालने के लिए रेस्क्यू अभियान लगातार जारी है। आज 19 और लोगों को सुरक्षित निकालकर हर्षिल हेलीपैड पहुंचाया गया, जबकि बाकी ट्रेकर्स तक पहुंचने का प्रयास जारी है।

उत्तरकाशी जिले में ऊंचाई वाले इलाकों में फंसे पर्वतारोहियों और ट्रैकर्स को सुरक्षित निकालने का अभियान जारी है। आज कालिंदी पास और माउंट जोगिन क्षेत्र से कुल नौ पर्वतारोहियों को रेस्क्यू किया गया। प्रशासन के अनुसार सोमवार और मंगलवार को मिलाकर अब तक कुल 49 लोगों को सुरक्षित हर्षिल हेलीपैड पहुंचाया जा चुका है।

रेस्क्यू किए गए ट्रैकर्स की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए हर्षिल हेलीपैड पर जरूरी व्यवस्थाएं की गई हैं। यहां उनके लिए भोजन, गर्म पानी और स्वास्थ्य परीक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है, ताकि रेस्क्यू के बाद उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो। अभियान की लगातार निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी प्रशांत आर्य आपदा कंट्रोल रूम से संबंधित टीमों के साथ समन्वय कर रेस्क्यू अभियान की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। एडीएम मुक्ता मिश्र सहित आपदा प्रबंधन, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, राजस्व, वन और स्वास्थ्य विभाग की टीमें मौके पर मौजूद हैं।





# आईटीआई गैंग पर खाकी का शिकंजा। सरगना देवेंद्र बिष्ट पुलिस हिरासत में

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

छात्रसंघ चुनाव के बीच पुलिस ने कथित आईटीआई गैंग के खिलाफ शिकंजा कसते हुए उसके सरगना बताए जा रहे देवेंद्र बिष्ट को हिरासत में लिया है। पुलिस के मुताबिक चुनावी माहौल बिगाड़ने और मतदान प्रक्रिया को प्रभावित करने की आशंका को देखते हुए यह कार्रवाई की गई है। कार्रवाई के बाद चुनावी मैदान में खलबली मच गई है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र बिष्ट के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट, हत्या के प्रयास (धारा 307) समेत कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज बताए गए हैं। वहीं, छात्र-छात्राओं के बीच इस गैंग के नाम को लेकर भय का माहौल होने की बात भी सामने आई है। छात्रसंघ चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था और सख्त कर दी है। पुलिस की निगाह उन तत्वों पर है, जो चुनावी माहौल में अराजकता या हुड़दंग पैदा करने की कोशिश कर सकते हैं। एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी ने स्पष्ट किया कि छात्रसंघ चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अराजकता किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी और हुड़दंग करने वालों से पुलिस सख्ती से निपटेगी।

**बड़ी कार्रवाई**

- हुड़दंग और चुनाव प्रभावित करने की आशंका पर पुलिस सख्त

### दून विवि की मेस के खाने में कीड़ा निकला, देर रात कुलपति का आवास घेरा

**देहरादून।** दून विश्वविद्यालय में छात्र परिषद के चुनाव से ठीक एक दिन पहले हंगामा हो गया। विवि की मेस में परोसे गए खाने में कीड़ा मिलने के बाद सोमवार देर रात छात्रों का गुस्सा फूट पड़ा। छात्राओं ने मेस की व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताते हुए हंगामा किया। मामला बढ़ने पर बड़ी संख्या में छात्राएं कुलपति के आवास के बाहर पहुंच गईं और नारेबाजी शुरू कर दी। देर रात छात्र-छात्राओं के कुलपति आवास के बाहर पहुंचने की सूचना से विश्वविद्यालय प्रशासन में भी हड़कंप मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को संभालने का प्रयास किया। वहीं, विश्वविद्यालय के चीफ प्रॉक्टर को भी मौके पर बुलाया गया।

# भारत को पांचवां स्वर्ण, नीरू ढांडा ने शूटिंग में जीता सोना

नई दिल्ली

एजेंसी

एशियन गेम्स 2026 में 29 सितंबर को भारत के लिए एक और अहम दिन है। 45 पदकों के साथ भारत की नजरें शूटिंग और तीरंदाजी में पदकों की संख्या बढ़ाने पर होंगी। शूटिंग में ट्रैप टीम और व्यक्तिगत स्पर्धाओं के फाइनल होंगे, जबकि तीरंदाजी में भी भारतीय खिलाड़ियों से अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है।

शूटिंग में भारत को एक और गोल्ड आ चुका है। नीरू ढांडा ने इतिहास रच दिया है। वह महिलाओं के ट्रैप व्यक्तिगत इवेंट में स्वर्ण जीतने या यूं कहें कोई पदक जीतने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने फाइनल में 30 में 28 शॉट सटीक निशाने पर लगाए। चीन की यूनॉन्ग सुन ने 26 के स्कोर के साथ रजत जीता। इसी के साथ नीरू ने एशियन रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। इससे पहले एशियन रिकॉर्ड 24 पॉइंट का था, जो चीनी ताइपे की वान यू लियू ने 19 जनवरी 2026 को बनाया था। वह इस एशियाड में किसी व्यक्तिगत स्पर्धा में सोना जीतने वाली पहली खिलाड़ी भी बन गईं। भारत की तीरंदाज कुमकुम ने मंगलवार को एशियन गेम्स 2026 की महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा के क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। कुमकुम को राउंड ऑफ 64 में बाई मिली थी। इसके बाद उन्होंने राउंड ऑफ 32 में बिशिंदी को 6-0 से हराया। फिर उन्होंने साइमा को भी 6-0 से मात देकर क्वार्टर फाइनल का टिकट पक्का किया। कुमकुम का अगला मुकाबला 3 अक्टूबर को कांग से होगा।



भारत की स्टार मुक्केबाज परवीन हुड्डा फाइनल में पहुंच गई हैं। महिला मुक्केबाजी के 65 किग्रा भारवर्ग में परवीन ने चीन की शू ली को सर्वसम्मति से 5-0 से हराया। अब वह स्वर्ण से बस एक कदम दूर हैं। परवीन के लिए अब तक यह एशियन गेम्स शानदार रहा है।

# डीएसबी परिसर छात्र संघ चुनाव, छात्र हित में कार्य का दिलाया भरोसा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर में मंगलवार (आज)होने जा रहे छात्र संघ चुनाव से पूर्व सोमवार को कड़ी पुलिस सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रत्याशियों की आम सभा हुई।

इसमें अध्यक्ष पद समेत विभिन्न पदों के प्रत्याशियों ने छात्रों के समक्ष अपने विचार रखे और जीतने पर छात्र हित में कार्य करने का भरोसा दिलाया। खास बात यह है कि इस बार छात्रसंघ चुनाव में विभिन्न पदों के लिए कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है मंगलवार (आज) केवल तीन पदों (अध्यक्ष-3 प्रत्याशी,संयुकत सचिव व कोषाध्यक्ष दो-दो प्रत्याशी) हेतु चुनाव होगा जबकि अन्य पदों पर सभी प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं।

आम सभा से पहले सभी प्रत्याशियों ने रैली भी निकाली और शक्ति प्रदर्शन किया जिसके बाद उन्होंने आम सभा में विचार रखे।अध्यक्ष पद प्रत्याशी भानु प्रताप सिंह ने कहा कि छात्रों में चुनाव को लेकर काफी उत्साह है। उन्होंने कहा कि छात्रों ने जो उमीदें उनसे लगाई हैं उन



पर खरा उतरने का प्रयास किया जाएगा। चुनाव जीतने के बाद परिसर में वॉशरूम, लाइब्रेरी, बिजली तथा वाई.फ ई व पानी और किताबों समेत छात्र सुविधाओं से जुड़े मुद्दों पर कार्य किया जाएगा।कहा कि छात्रसंघ चुनाव में उनके समर्थन के लिए उनकी माता भी उनके साथ मैदान में हैं और उन्हें परिवार की ओर से पूरा सहयोग मिल रहा है। अध्यक्ष पद प्रत्याशी शुभम कुमार ने कहा कि उनकी टीम पिछले कई वर्षों से लगातार छात्र हित में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि परिसर में वॉशरूम और किताबों की समस्या के साथ ही प्रोफेशनल कोर्स के छात्र.छात्राओं के लिए प्लेसमेंट की समस्या को दूर करने की दिशा में काम किया जाएगा। अध्यक्ष पद प्रत्याशी हिमांशु आर्य ने कहा कि उन्हें छात्रों का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि डीएसबी परिसर का अध्यक्ष चुने जाने के बाद छात्र.छात्राओं के हित में काम किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य पदों के प्रत्याशियों नेभी विचार रखे।

दूसरी ओर चुनाव अधिकारी प्रो.मनोज कुमार आर्या ने बताया कि

परिसर में मंगलवार (आज) मतदान सुबह 10 बजे से अपराह्न दो बजे तक होगा इसके लिए 15 मतदान बूथ बनाए गए हैं। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर परिसर में केवल दो मुखय गेटों से प्रवेश दिया जाएगा। बिना आईडी कार्ड के किसी भी छात्र को परिसर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। मतदान समाप्त होने के बाद दोपहर दो बजे से मतगणना शुरू होगी। मतगणना पूरी होने के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे। इसके बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया जाएगा। चुनाव में करीब 5318 छात्र-छात्राएं मताधिकार का प्रयोग करेंगे।







जिले के शहीद श्री खेमचंद डौर्बी राजकीय महाविद्यालय बेतालघाट में छात्र संघ निर्वाचन प्रक्रिया के अंतर्गत प्रत्याशियों हेतु प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार मौर्य की अध्यक्षता में छात्र संघ प्रभारी डॉ. तरुण कुमार आर्य के निर्देशन में आम सभा का आयोजन किया गया ।

आम सभा में बेतालघाट थाना एवं निर्वाचन अधिकारी शंकर नयाल एवम प्राचार्य द्वारा प्रत्याशियों एवम छात्र छात्राओं को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। आम सभा में अध्यक्ष प्रत्याशी छाया और नीमा, कोषाध्यक्ष प्रत्याशी दीपिका और विशाखा बुढ़ोडी व विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रत्याशी बबीता करगेती और सचिन जोशी सहित सचिव पद प्रत्याशी रितिका गोस्वामी ने छात्र छात्राओं को अपने विचारों एवम दृष्टिकोण से अवगत कराते हुए महाविद्यालय विकास में छात्र संघ की सक्रिय भूमिका का वचन दिया। अंत में छात्र संघ प्रभारी डॉ. तरुण कुमार आर्य ने सभी प्रत्याशियों सहित छात्र छात्राओं को मंगलवार (आज) को होने वाले मतदान की प्रक्रिया से अवगत कराते हुए अनुशासनपूर्ण मतदान प्रक्रिया में सहभाग करने के निर्देश दिए। आम सभा में महाविद्यालय के समस्त कार्मिक एवं स्थानीय पुलिस प्रशासन उपस्थित रहे।





## बदलते परिवेश में अंग्रेजी ज्ञान, संवाद व विश्व से जुड़ने का अहम माध्यमः अच्युत

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के तहत राजकीय इंटर कॉलेज भूमियाधार में आयोजित एक आत्मीय कार्यक्रम में ग्रुप कैप्टन अच्युत कुमार ने विद्यार्थियों को टाई भेंट की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्होंने अंग्रेजी भाषा के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान वैश्विक परिवेश में अंग्रेजी ज्ञान, संवाद और विश्व से जुडने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को अंग्रेजी के प्रति रुचि विकसित करने तथा आत्मविश्वास के साथ अपनी अभिव्यक्ति को निखारने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम में प्रभारी प्रधानाचार्य त्रिभुवन अग्रगामी, वरिष्ठ प्रवक्ता नारायण सिंह मेहरा, दीप चंद्र हरबोला, हीरा लाल आगरी, कृष्ण चंद्र जोशी, प्रयाग दत्त सोराड़ी, हरीश पंचवाल, विजय सिंह अधिकारी, प्रमोद कुमार तिवारी, पूजा बिष्ट एवं प्रियंका पांडे ,पूरन चंद्र तथा दिनेश ने भी सहभागिता की।

## नैनीताल में मां दुर्गा पूजा महोत्सव में महिलाओं की बढ़ेगी भागीदारी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में आगामी 16 अक्टूबर से प्रस्तावित मां दुर्गा पूजा महोत्सव को भव्य एवं व्यवस्थित बनाने को लेकर सार्वजनिक दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारियों ने सोमवार को गोवर्धन कीर्तन भवन में बैठक की। बैठक में महोत्सव की तैयारियों के साथ ही आयोजन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में कमेटी पदाधिकारियों ने कहा कि दुर्गा पूजा महोत्सव में हर वर्ष श्रद्धालुओं की बड़ी संखया में सहभागिता रहती है। इस बार आयोजन को और बेहतर बनाने के लिए विभिन्न व्यवस्थाओं को समय रहते अंतिम रूप दिया जाएगा। महिलाओं को आयोजन से जोडने् के लिए महिला सदस्यों के साथ बैठक कर उन्हें अलग.अलग जिमेदारियां सौंपने पर भी चर्चा हुई। बैठक में पूजा कार्यक्रम, सांस्कृतिक आयोजनों, प्रसाद वितरण, श्रद्धालुओं की सुविधा और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पदाधिकारियों ने विचार.विमर्श किया।

आयोजक संस्था के सदस्यों ने कहा कि मां दुर्गा पूजा महोत्सव केवल धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकजुटता का भी प्रतीक है। बैठक में कमेटी के उपाध्यक्ष त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, महामंत्री उमेश मिश्रा समेत आलोक चौधरी ,दिनेश भट्ट, प्रेम कुमार शर्मा, मंजू रौतेला समेत कई महिलाओं ने प्रतिभाग किया।



## NEWS / फटाफट



**यह नैनीताल के मल्लीताल स्थित मुखय गोलघर चौराहे का नजारा है, दिनभर यहां पर यही माहौल बना रहता है, टैक्सी बाइक वाले शराब पीकर दिनभर हुड़दंग करते रहते हैं, महिलाओं तथा आम आदमियों का यहां से निकलना अब दुबर हो गया है।**

### सनवाल स्कूल में परिचयात्मक स्काउट-गाइड शिविर

**नैनीताल** । भीमताल भारत स्काउट्स एवं गाइड्स जिला नैनीताल के तत्वावधान में सनवाल स्कूल नैनीताल में आयोजित दो दिवसीय परिचयात्मक स्काउट.गाइड शिविर का सफलतापूर्वक आयोजित हुआ। बता दें शिविर में 12 विद्यालयों के करीब 185 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस दौरान विद्यार्थियों को स्काउटिंग एवं गाइडिंग की मूलभूत जानकारी के साथ विभिन्न व्यावहारिक गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया।

### हाईकोर्ट ने दी देहरादून के डीएम को दो महीने की मोहलत

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने देहरादून जिले के राजस्व विभाग के कर्मचारियों द्वारा पुरानी पेंशन योजना में शामिल किए जाने हेतु दिए गए विकल्प पत्रों पर जिलाधिकारी देहरादून को दो माह के भीतर तर्कसंगत एवं स्पष्ट आदेश (रीजंड एवं स्पीकिंग ऑर्डर) पारित करने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की एकलपीठ ने याचिका का अंतिम रूप से निस्तारण करते हुए जिलाधिकारी देहरादून को निर्देश दिया कि याचिकाकर्ताओं के 25 मई 2026 के प्रतिवेदन पर आदेश की प्रमाणित प्रति प्राप्त होने की तिथि से दो माह के भीतर तर्कसंगत एवं स्पष्ट आदेश द्वारा निर्णय लिया जाए।

### कुविवि प्लेसमेंट सेल की बैठक सलाहकार के साथ आयोजित



**नैनीताल** । कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल के प्लेसमेंट सेल के सदस्यों (प्रो.गीता तिवारी, डॉ. पेनी जोशी, डॉ. गिबू साबू एम, डॉ. गिरीश सी. खड़वाल, डॉ. राशि मिगलानी तथा प्रो. महेंद्र सिंह राणा) ने डॉ. मोहित राजन उप सचिव लोकसभा सचिवालय भारत सरकार नई दिल्ली जो कुमाऊँ विश्वविद्यालय नैनीताल की प्लेसमेंट सेल के सलाहकार भी हैं के साथ नैनीताल में बैठक की। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अल्पकालिक रूप में सेल अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को इंटर्नशिप प्रदान करने पर ध्यान केंद्रित करेगा जिससे उन्हें उद्योग का मूल्यवान अनुभव मिल सके। ये इंटर्नशिप विद्यार्थियों के प्रदर्शन के आधार पर प्री.प्लेसमेंट ऑफ र में भी परिवर्तित की जा सकती है।

### पढ़ाई के साथ तकनीकी शिक्षा से जोड़ रही सरकारःडा.आर्य

**नैनीताल** । भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने सोमवार को नैनीताल विधानसभा के तहत भीमताल बलाक के राजकीय इंटर कालेज मंगोली में सेवा समर्पण अभियान के 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत अभियान कार्यक्रम में उपस्थित रहे जिसमें छात्र छात्राएं शिक्षक गण एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। इस मौके पर डा.आर्य ने केंद्र व राज्य सरकार की ओर से बच्चों को पढाई के साथ ही उन्हें तकनीकी शिक्षा को जोडने् के लिए किए जा रहे प्रयासों के बारे में विस्तार से बताया। इस मौके पर हेम बहुखंडी ग्राम प्रधान मंगोली,पान सिंह खनी सह संयोजक, कुंदन सिंह अधिकारी संयोजक,नीरज अधिकारी बूथ अध्यक्ष नलनी,चंदन सिंह बूथ अध्यक्ष मंगोली,बिक्रम कनवाल बूथ अध्यक्ष खुरपाताल समेत मुकेश मेहरा,हरीश पंत,दीपक मेहरा आदि मौजूद रहे।

## हाईकोर्ट ने आवेदक पर 50 हजार रुपये का अनुकरणीय जुर्माना लगाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

हाईकोर्ट ने पूर्व में दाखिल याचिका और उसमें पारित आदेश के तथ्य को छिपाकर अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल करने पर आवेदक की अर्जी खारिज कर दी है। न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने इसे न्यायालय को गुमराह करने का जानबूझकर किया गया प्रयास मानते हुए आवेदक पर 50 हजार रुपये का अनुकरणीय जुर्माना भी लगाया है।

मामला समीर बनाम राज्य उत्तराखंड का है। राज्य सरकार की ओर से लिखित निर्देशों के आधार पर न्यायालय को बताया गया कि अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल करने से पहले आवेदक ने आपराधिक रिट याचिका दाखिल की थी। उस याचिका में आवेदक ने न्यायालय के समक्ष यह वचन दिया था कि वह 20 मई 2026 तक या उससे पूर्व संबंधित न्यायालय में आत्मसमर्पण कर देगा।राज्य की ओर से कहा गया कि आवेदक ने न तो न्यायालय को दिए गए इस वचन का पालन कियाए बल्कि इसके विपरीत पूर्व की रिट याचिका और उसमें पारित आदेश के तथ्य को जानबूझकर छिपाते हुए अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल कर दी। न्यायालय ने राज्य सरकार के अधिवक्ता द्वारा दिए गए लिखित निर्देशों को अभिलेख पर लिया। न्यायालय ने कहा कि आवेदक का आचरण न्यायालय को गुमराह करने का जानबूझकर किया गया प्रयास है। इसी आधार पर अग्रिम जमानत की अर्जी खारिज करते हुए आवेदक को 50 हजार रुपये की राशि चार सप्ताह के भीतर उत्तराखंड हाईकोर्ट बार एसोसिएशन में जमा करने के निर्देश दिए गए। निर्धारित समय में राशि जमा न करने पर इसे संबंधित जिलाधिकारी/ कलेक्टर के माध्यम से भू.राजस्व की बकाया राशि की भांति वसूल किया जाएगा।

### हाईकोर्ट ने सुनवाई के बाद फैसला रखा सुरक्षित

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ने अपनी मां, बड़े भाई व गर्भवती भाभी की तलवार से काटकर निर्मम हत्या करने के आरोपी को निचली अदालत द्वारा दी गई फांसी की सजा के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खंडपीठ ने सुनवाई के बाद निर्णय को सुरक्षित रख लिया है। सोमवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार ने एमस के डाकटरों की रिपोर्ट पेश की जिसमें कहा गया कि अभियुक्त को उसकी मानसिक स्थिति जानने के लिए एमस के विशेषज्ञ डाकटरों को दिखाया गया, जहाँ उसकी मानसिक स्थिति में काफ ी सुधार हुआ है, वह बिना किसी सहायता के संवाद करने में सक्षम है, अभियुक्त कि तरफ से कहा गया कि घटना के समय उसकी मानसिक स्थिति सही नही थी ट्रायल कोर्ट ने सजा सुनाए जाने से पहले उसकी मानसिक स्थिति की जांच नही कराई गयी।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## क्यों लड़का दोषी?

*नाबालिग लड़के-लड़कियों के प्यार और डेटिंग के मामले में दोषी हमेशा लड़के को क्यों माना जाता है? कई मामलों में लड़की उम्र में बड़ी होती है, फिर भी लड़के को ही गिरफ्तार कर अपराधी बनाकर जेल में डाल दिया जाता है। लड़के की गिरफ्तारी की बजाय काउंसिलिंग की जानी चाहिए। जिस उम्र में उसे स्कूल-कालेज में होना चाहिए, वह जेल में होता है। ऐसे मामलों में लड़के-लड़कियों के परिजनों की काउंसिलिंग की जानी चाहिए।*

समाज में बहुत से अपराध ऐसे हैं, जो पहले से होते रहे हैं। वर्तमान में संचार माध्यमों के प्रसार से अपराध बढ़ गये हैं। कुछ अपराधों में एकतरफा सोच से पक्ष विशेष को दोषी मान लिया जाता है। नाबालिग लड़के-लड़कियों के प्यार और डेटिंग के मामलों में भी सीधे-सीधे प्रथमदृष्टया पाक्सो ऐक्ट में लड़के को गिरफ्तार कर लिया जाता है। उत्तराखंड हाईकोर्ट की अधिवक्ता ने यह महत्वपूर्ण मामला जनहित याचिका के जरिये उठाया। उनका कहना है कि नाबालिग लड़के-लड़कियों के प्यार और डेटिंग के मामले में दोषी हमेशा लड़के को क्यों माना जाता है? कई मामलों में लड़की उम्र में बड़ी होती है, फिर भी लड़के को ही गिरफ्तार कर अपराधी बनाकर जेल में डाल दिया जाता है। लड़के की गिरफ्तारी की बजाय काउंसिलिंग की जानी चाहिए। जिस उम्र में उसे स्कूल-कालेज में होना चाहिए, वह जेल में होता है। ऐसे मामलों में लड़के-लड़कियों के परिजनों की काउंसिलिंग की जानी चाहिए। बच्चों को अपराधी मानकर दंड देने की जगह उनकी मानसिक स्थिति का गहनता से अध्ययन करने के लिए विशेष बोर्ड के गठन का प्रावधान है, लेकिन ऐसा नहीं किया जाता है। जेल में निरीक्षण के दौरान विधि विशेषज्ञों ने अनेक नाबालिग लड़कों को बिना सजा सुनाये ही जेल में देखकर सवाल उठाये थे। जेल में बंद लड़कों से पूछताछ में पता चला कि उनके साथ की लड़कियों को परिजनों को सौंप दिया गया, परन्तु उन्हें बिना दोष सिद्ध हुए जेल भेज दिया गया। नाबालिग और युवा के साथ ही उम्रदराज लोगों के मामलों में भी संकीर्ण मानसिकता के उदाहरण मिलते हैं। शादी का झांसा देकर दुष्कर्म के मामलों की पुलिस विभाग में बाढ़ सी आ गई है। न्यायालय ने कई बार फैसला सुनाया है कि सहमति से शारीरिक संबंध को दुष्कर्म नहीं माना जा सकता है। एक मामले में पुरुष ने न्यायालय में बयान दिया कि दुष्कर्म का आरोप लगाने वाली महिला उससे 15 साल बड़ी है। शादी का झांसा नहीं दिया। महिला ने शारीरिक संबंध सहमति से बनाये और जब दूरी बना ली तो झूठ आरोप लगा रही है। न्यायालय ने इस मामले में भी पुरुष के पक्ष में फैसला सुनाया। विधि विशेषज्ञ और सर्वोच्च न्यायालय स्वतः संज्ञान लेकर यदि निर्देश जारी करें तो लड़कों और पुरुषों को निर्दोष होने पर सजा नहीं हो सकती। पुलिस में भी इस तरह के मामले कम पहुंचेंगे।

# जिले में धूमधाम से मनेगी गांधी व शास्त्री जयंती

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

अपर जिलाधिकारी सौरभ असवाल की अध्यक्षता में सोमवार को जिलाधिकारी सभागार नैनीताल में 2 अक्टूबर (शुक्रवार) को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार किए जाने के संबंध में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर जिलाधिकारी असवाल ने बताया कि 02 अक्टूबर को प्रात: 06.30 बजे से 07.30 बजे तक जनपद के हल्द्वानी, रामनगर, कालाढूंगी, बेतालघाट, लालकुआं, धारी तथा श्री कैंचीधाम तहसीलों सहित अन्य स्थानों पर प्रभात फेरियों का आयोजन किया जाएगा। प्रभात फेरी में छात्र छात्राओं, राजनीतिक, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, गणमान्य व्यक्तियों तथा जनसामान्य द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नैनीताल नगर में प्रभात फेरी मल्लीताल स्थित पंडित गोविंद बल्लभ पंत जी की प्रतिमा से प्रारंभ होकर तल्लीताल गांधी चौक



पर समाप्त होगी। इसके उपरांत पूर्वाहन 080 बजे राजकीय भवनों पर राष्ट्रीय ध्वज फ हराया जाएगा तथा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्रों का अनावरण एवं माल्यार्पण किया जाएगा।

अपर जिलाधिकारी ने बताया कि नैनीताल के तल्लीताल गांधी चौक में प्रात: 9 बजे से जिलाधिकारी नैनीताल, गणमान्य व्यक्तियों व सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा।उन्होंने सभी नगर निकायों व निगमों के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित पार्कों, रेलवे स्टेशनों, बस अड्डों, मलिन बस्तियों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर वृहद स्वच्छता अभियान संचालित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गांधी जयंती के अवसर पर स्वच्छता एवं जनभागीदारी से संबंधित कार्यक्रमों को विशेष प्राथमिकता दी जाए.बैठक में अपर जिलाधिकारी ने मुखय शिक्षा अधिकारी नैनीताल को निर्देश दिए कि जनपद के विद्यालयों में विद्यार्थियों के मध्य महात्मा गांधी जी के व्यकित्व एवं कृतित्व, गांधीवादी जीवन दर्शन, नैतिकता, सदाचार, सादा जीवन उच्च विचार, सर्वधर्म सद्भाव, भाईचारा, सिंगल यूज प्लास्टिक उन्मूलन तथा स्वच्छता ही सेवा आदि विषयों पर वाद.विवाद एवं अन्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। बैठक में परियोजना निदेशक शिल्पी पंत, सहायक प्रबंधक उद्योग कैलाश संबल, नगर पालिका ईओ भवाली, नैनीताल, भीमताल, गांधी आश्रम नैनीताल, जिला विकास प्राधिकरण, विद्युत विभाग सहित अधिकारी मौजूद रहे।

### 2 अक्टूबर को अमर शहीदों को दी जाएगी श्रद्धांजलि

नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक डा.नारायण सिंह जंतवाल ने बताया कि 2 अक्टूबर (शुक्रवार) को नैनीताल के तल्लीताल स्थित गांधी चौक में देवभूमि उत्तराखंड के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि कार्यक्रम सुबह 11 बजे से से किया जाएगा। दूसरी ओर कार्यक्रम की कामयाबी के लिए उत्तराखंड राज्य सेनानी वेलफेयर सोसाइटी एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गणेश सिंह बिष्ट तथा महिला जिलाध्यक्ष लीला बोर, संरक्षक पान सिंह रौतेला, प्रवक्ता रईस अहमद, कोषाध्यक्ष मनमोहन कनवाल तथा उपाध्यक्ष पान सिंह सिजवाली ने समस्त राज्य आंदोलनकारियों से अनुरोध किया है कि समय पर पहुँच कर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे।

## प्रकृति प्रेमी गुरुरानी ने पर्यावरण संरक्षण हेतु किया पौधरोपण

**नैनीताल** । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष/ राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान सोमवार को 804वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 804वें दिन डीडीहाट नारायण नगर के नारायण स्वामी आश्रम परिसर में मंदिर ट्रस्ट के प्रमुख व्यवस्थापक दीप चंद्र पांडे के नेतृत्व में विभिन्न प्रजाति के पौधों का रोपण किया गया। दीप चंद्र पांडे ने कहा कि नारायण स्वामी आश्रम जहां नारायण स्वामी जी की तपोस्थली है वहीं एक प्रमुख पर्यटक स्थल भी है पौधारोपण के माध्यम से इस स्थल पर प्रकृति संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि नारायण आश्रम कैलाश मानसरोवर यात्रियों व पर्यटकों की आवाजाही का प्रमुख स्थल होने के कारण यहां पर पौधारोपण का कार्य किया जा रहा है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# जल जनित रोग प्रकरण:सीएमओ ने खुद की मरीजों की जांच

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

जिले के ज्योलिकोट प्रभावित क्षेत्र में जलजनित रोगों की रोकथाम एवं ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य जांच, उपचारए काउंसलिंग एवं जनजागरूकता गतिविधियां लगातार संचालित की जा रही हैं। सोमवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ज्योलिकोट में 72 लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया वहीं बेलवाखान में 30 लोगों की स्वास्थ्य जांच,42 लोगों की रक्त जांच,113 लोगों की काउंसलिंग तथा 16 लोगों को टेली.कंसल्टेंसी की सुविधा प्रदान की गई। स्वास्थ्य टीमों द्वारा आवश्यकतानुसार दवाओं का वितरण भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की लगातार निगरानी एवं जांच के बीच क्षेत्र में पीलिया एवं डायरिया के नए मामलों में अब काफी कमी दर्ज की जा रही है। बलड सैंपलों की री.टेस्टिंग में भी स्थिति में सुधार के संकेत मिले हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्र में निगरानी एवं सैंपलिंग का कार्य लगातार जारी रखा जा रहा है। सीएमओ डॉ. रश्मि पंत द्वारा ग्राम ज्योली में जनसंपर्क कर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जानकारी ली गई। उन्होंने ग्रामीणों को व्यक्तिगत स्वच्छता, हाथों की नियमित सफाई, स्वच्छ पेयजल एवं सुरक्षित भोजन के संबंध में स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की तथा किसी भी प्रकार के स्वास्थ्य संबंधी लक्षण होने पर समय से स्वास्थ्य केंद्र में जांच कराने की अपील की,उनके द्वारा ज्योलिकोट क्षेत्र के रेस्टोरेंट एवं खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण भी किया गया। इस दौरान संचालकों को प्रतिष्ठानों में नियमित साफ. सफ ाई रखने व्यक्तिगत स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने तथा ग्राहकों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल मुहैया कराने के निर्देश दिए गए।



### डा.पल्लवी ने किया टीम के साथ फोलोऑफ विजिट

ज्योलीकोट क्षेत्र में जलजनित बीमारियों की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लागतार कार्य कर रही हैं। शिविर में टीमें घर-घर जाकर भ्रमण करके पुराने पीलिया के रोगियों की जाँच उनका फ लोअप डाक्टर एवम् टीम द्वारा किया जा रहा है अगर कोई नया केस पीलिया या किसी जलजनित बीमारी का मिलता है तो उसको चिन्हित करके स्वास्थ्य केंद्र तक भेजा जा रहा है। ज्योलीकोट तथा बेलुआखान क्षेत्र में पुराने पीलिया के रोगी में स्वास्थ्य जांच के लिए डॉ पल्लवी एवं उनकी टीम द्वारा फॉलोअप विजिट किया गया।

# जिला पंचायत नैनीताल ने चलाया विशेष सफाई अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल जिले के ज्योलीकोट और आसपास के इलाकों में जल जनित बीमारियों के प्रकोप के चलते जिला पंचायत नैनीताल द्वारा सोमवार को ज्योलीकोट, भलयूटी, बेलूवाखान, सरियाताल तथा वीरभट्टी में जल स्रोतों के पास विशेष सफ ाई अभियान चलाया। अभियान के तहत जल स्रोतों और उसके आसपास के क्षेत्र से कूड़ा, प्लास्टिक और अन्य निष्प्रोज्य सामान उठाकर निस्तारण किया गया। दल में जिला पंचायत राज अधिकारी सुरेश बैनी समेत उप राज अधिकारी असलम, कार्याधिकारी ऋचा जोशी, दीपक उपाध्याय, चंद्रपाल बिष्ट, लक्ष्मण लमगडि ?ा, मोहन सिंह, इतीश कुमार आदि लोग शामिल थे। इस दौरान लोगों से संपर्क कर कूड़े को इधर उधर ना फेंकने, जल स्रोतों को साफ रखने की अपील भी की गई।



# फिल्मी दुनिया

## वीकएंड के बाद आधे से भी कम हुई द वन की कमाई



*वीकएंड के बाद बॉक्स ऑफिस पर लगभग सभी फिल्मों का कलेक्शन काफी घट गया है। द वन की कमाई आधी से भी कम हो गई है। वहीं द पैराडाइज के कलेक्शन में गिरावट दर्ज की गई है। हनुमान अंश और मिर्जापूर द मूवी के अलावा हॉलीवुड फिल्म एवेंजर्स-एंडगेम इनकोर की कमाई काफी घट गई है।*

*मार्वल की सुपरहिट फिल्म एवेंजर्स एंडगेम ने एक बार फिर सिनेमाघरों में वापसी की है। 2019 में रिलीज हुई इस फिल्म को सात साल बाद दोबारा रिलीज किया गया है। वीकएंड के बाद इसकी कमाई घटी है। ओपनिंग डे पर इसने 7.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। दूसरे दिन इसने 7.65 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन इसने 7.55 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन खबर लिखे जाने तक फिल्म ने 1.49 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसका कुल कलेक्शन 23.94 करोड़ रुपये हो गया है।*

*फिल्म हनुमान अंश ने अपनी कमाई से सबको हैरान किया है, मगर 53वें दिन इसकी कमाई घटी है। आठवें शनिवार को इसने 6.50 करोड़ रुपये कमाए थे। विवार को इसने 9 करोड़ रुपये कमाए थे, इसका टोटल कलेक्शन 308.76 करोड़ रुपये हो गया है।*

### मिर्जापुर द मूवी की कमाई

*पंकज त्रिपाठी, अली फजल और दिव्येंदु की फिल्म मिर्जापुर द मूवी को रिलीज हुए आज 25 दिन हो गए हैं। वीकएंड के बाद फिर इसकी कमाई घटी है। शनिवार को इसने 1.55 करोड़ रुपये कमाए थे। चौथे रविवार को इसकी कमाई 1.70 करोड़ रुपये रही थी। आज खबर लिखे जाने तक इसने 44 लाख रुपये कमाए हैं। इसका टोटल कलेक्शन 227.49 करोड़ रुपये हो गया है।*

# ट्रांजिट कैंप की फायरिंग व तोड़फोड़ का खुलासा, तीन गिरफ्तार, दो अभी फरार

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

ट्रांजिट कैंप पुलिस ने फायरिंग और तोड़फोड़ के मामले में खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त असलहे बरामद किए हैं। घटना में शामिल दो अन्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। पुलिस तीनों को कोर्ट में पेश करने की कार्रवाई कर रही है। सोमवार दोपहर को एसएसपी अजय गणपति ने घटना का खुलासा किया। एसएसपी ने बताया कि 24 सितंबर 2026 की रात्रि गंगापुर रोड शिव एन्क्लेव, में हुई फायरिंग एवं वाहनों में तोड़फोड़ की घटना में एफआईआर दर्ज कर विवेचना एसएसआई मुकेश मिश्रा को सौंपी गई। उन्होंने बताया कि खुलासा को प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ट्रांजिट कैंप के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया। एसएसपी ने बताया कि पुलिस अभियुक्तों की तलाश कर रही। पुलिस शिव नगर तिराहे पर पहुंची। इसी बीच मुखबिर ने सूचना दी कि ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में फायरिंग की घटना में शामिल तीन युवक एफसीआई गोदाम के सामने किच्छा रोड पर खाली चाय के खोके के पास खड़े हैं। उन्होंने बताया कि मुखबिर द्वारा बताए गए स्थान पर पुलिस पहुंची। पुलिस को देख वहां खड़े तीन युवकों ने भागने का प्रयास किया। तभी पुलिस ने तीनों को घेराबंदी कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपने नाम पता नन्दू पुत्र सालिक राम, निवासी ग्राम नई बस्ती खानपुर विलासपुर रामपुर यूपी,सोहेल पुत्र मोहम्मद उमर, निवासी ग्राम सिरौली कला, थाना पुलभट्टा, किच्छा, हाल आजादनगर वार्ड 7, श्मशान भूमि रोड ट्रांजिट कैंप और सुमित अधिकारी उर्फ बंगाली पुत्र हरीश चन्द्र अधिकारी, निवासी भदईपुरा वार्ड 14, बंगाली मंदिर के पास, थाना ट्रांजिट कैंप बताया। उन्होंने बताया कि अभियुक्त नन्दू के कब्जे से एक अवैध पिस्टल 32 बोर,दो जिन्दा कारतूस, अभियुक्त सुमित बंगाली एवं सोहेल के कब्जे से एक-एक अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक-एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ।



पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों ने बताया कि दोस्त साजेब उर्फ अरमान अपनी फ्रन्ड से मिलने शिव एन्क्लेव कांलोनी में गया था। जिसे कांलोनी वालो ने देख लिया था और लोगों ने उसे घेर लिया। इसके बाद समीर मलिक का फोन आया कि तुम लोग कांलोनी में चले जाओ वहा दोस्त साजेब उर्फ अरमान फंसा है। तब पांचो ही वहा चले गये तो साजेब वहां से पहले ही भाग गया था। उसकी कार वही छूट गयी थी। समीर मलिक और साजेब उर्फ अरमान ने कहा कैसे भी हो कार लेकर आ जाओ। लेकिन कालोनी गये तो वहां पर भीड़ लगी हुई थी।कार को ले जाने के लिए कालोनी में घुसते ही हवाई फायरिंग कर दी थी। जिससे लोग अपने घरो मे भाग गये और सावेज की गाड़ी लेने गये तो गाड़ी के टायरो के नट खुले हुए थे। इसके बाद वहां खड़ी दो गाड़ियो को तलवार मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया और फायरिंग करते हुए भाग गये। एसएसपी ने बताया कि फरार अभियुक्तों की तलाश की जा रही है। जल्दी ही पुलिस के शिकंजे में होंगे। उन्होंने बताया कि तीनों के खिलाफ कई कई मुकदमें दर्ज है। खुलासा के दौरान एसपी सिटी प्रमोद कुमार,सीओ सिटी विभव सैनी मौजूद रहे।

पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सोलंकी,एसएसआई मुकेश मिश्रा, आवास विकास पुलिस चौकी प्रभारी प्रकाश चन्द्र,एसआई जितेन्द्र खत्री, एएसआई चन्द्र प्रकाश बवाड़ी, अनिल कुमार,हिमांशु आर्य समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल रहे।

## News कॉर्नर

### पुलिस ने दूरस्थ गांवों में लगाई चौपाल, किया जागरूक

अल्मोड़ा। एसएसपी चंद्रशेखर घोडके के निर्देशानुसार जिले में पुलिस-जनता संवाद और जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष लमगड़ा प्रमोद पाठक ने सुदूर मेरगांव और भांगादेवली में चौपाल लगाई।

चौपाल में ग्रामीणों की पुलिस से संबंधित समस्याओं को सुनकर मौके पर ही उनका निस्तारण किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को नए आपराधिक कानूनों बीएनएस, बीएनएसएस, बीएसए, महिला सुरक्षा और बाहरी व्यक्तियों के सत्यापन के प्रति जागरूक किया गया। ग्रामीणों से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए मानस हेल्पलाइन 1933 और साइबर ठगी का शिकार होने पर तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर सूचना देने की जानकारी देने को कहा गया।

# कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, डीएम के माध्यम से भेजा राष्ट्रपति को ज्ञापन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के तल्लीताल स्थित गांधी चौक में सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।

इसके बाद गुस्साएं कार्यकर्ताओं ने भाजपा सरकार तथा निर्वाचन आयोग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तल्लीताल से कलक्ट्रेट तक भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए जुलूस निकाला तत्पश्चात कलक्ट्रेट में जोरदार प्रदर्शन कर जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा गया। ज्ञापन में मांग की गई कि भारत के मुखय चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार सहित दोनों निर्वाचन आयुक्तों को तत्काल पद से हटाया जाए, उनके द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णयों को निरस्त किया जाए तथा मतदाता सूची पुनरीक्षण एसआईआर प्रक्रिया एवं फॉर्म 7 के माध्यम से की जा रही धांधलियों पर रोक लगाते हुए चुनाव प्रणाली में पूर्ण पारदर्शिता व जवाबदेही सुनिश्चित की जाए।



इस दौरान जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष सतीश नैनवाल नैनीताल नगर अध्यक्ष सचिन नेगी, पूर्व नगर अध्यक्ष अनुपम कबडवाल, नगर पालिका अध्यक्ष डॉ. सरस्वती खेतवाल, महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष खष्टी बिष्ट, पूर्व सांसद डॉ. महेंद्र पाल, अवतार सिंह रावत,डॉ. भावना भट्ट, हरीश पनेरू, नीरज तिवारी, भोला भट्ट, हेम नैनवाल, मुन्नी तिवारी, संजय किरौला, लाखन नेगी, बी चनौतिया, रईस भाई, संजय कुमार, पी सी. गोरखा, जीशांत कुमार, शीलू कुमार, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल, हिमांशु पाण्डे, हेम दुर्गापाल, हरेन्द्र बोरा, जे. के शर्मा, दिनेश कर्नाटक सहित जिले भर से आये कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

# अल्मोड़ा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मुख्य चुनाव आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन कर पुतला फूंका

अल्मोड़ा

हमारे संवाददाता

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की कार्यप्रणाली और निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता पर सवाल उठाते हुए सोमवार को जिला कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने चौघानपाटा में प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। इसके बाद कार्यकर्ताओं ने जिला निर्वाचन कार्यालय पहुंचकर घेराव किया और राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी निर्वाचन व्यवस्था जरूरी है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण, नाम जोड़ने-हटाने और आपत्तियों के निस्तारण को लेकर उठ रहे सवालों का निर्वाचन आयोग को स्पष्ट और तथ्यात्मक जवाब देना चाहिए। कांग्रेस ने मांग की कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया में पूरी पारदर्शिता बरती जाए और शिकायतों का निष्पक्ष परीक्षण किया जाए।

अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने कहा कि चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद हैं और मतदाता का विश्वास चुनावी व्यवस्था की महत्वपूर्ण पूंजी है। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग की विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए सभी राजनीतिक दलों के साथ समान व्यवहार और निर्णय प्रक्रिया में पारदर्शिता जरूरी है। कांग्रेस ने ज्ञापन में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग के साथ निर्वाचन प्रक्रिया और मतदाता सूचियों से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि पात्र मतदाता का नाम गलत तरीके से हटने की आशंका भी गंभीर विषय है। वहां पूर्व पालिकाध्यक्ष प्रकाश चंद्र जोशी, दीप सिंह डांगी, बीके पांडे, भुवन गहरवाल, देवेंद्र धोनी, किरन आर्य, गोपाल सिंह चौहान, नवीन चंद्र कोहली, महेश चंद्र, केवल सती समेत बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चोरी मामला: रुद्रपुर में घर की अलमारी से उड़ाए थे जेवरात-नकदी नाबालिग बालिका निकली आरोपी

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

रुद्रपुर के मलसा गिरधारपुर में घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और 24 हजार रुपये चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना के समय नाबालिग रही एक बालिका को संरक्षण में लेकर उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात बरामद कर लिए हैं।

रुद्रपुर के मलसा गिरधारपुर में घर की अलमारी से सोने-चांदी के जेवरात और 24 हजार रुपये चोरी के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने घटना के समय नाबालिग रही एक बालिका को संरक्षण में लेकर उसकी निशानदेही पर चोरी के जेवरात बरामद कर लिए हैं। नकदी की बरामदगी के प्रयास जारी हैं। 22 सितंबर को चोरी की सूचना पर कोतवाली रुद्रपुर में मुकदमा दर्ज किया गया था। उपनिरीक्षक निर्मल सिंह लटवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर परिजनों से पूछताछ की। विवेचना में मिले सुरागों के आधार पर पुलिस ने संदिग्ध बालिका से पूछताछ की। 28 सितंबर को उसकी निशानदेही पर उसके घर से चोरी का पूरा जेवरात बरामद हुआ। बरामद सामान में सोने की दो चेन, पांच अंगूठियां, एक हार, दो पेंडेंट, 11 जोड़ी टॉप्स और नाक के तीन आभूषण शामिल हैं। इसके अलावा तीन पुरानी पायल, एक नई जोड़ी पायल, चार बिछुए और एक चांदी का सिक्का मिला है। परिजनों ने बरामद जेवरात की पहचान चोरी हुए सामान के रूप में की। पुलिस ने मुकदमे में धारा 317(2) की बढ़ोतरी की है। बालिका को किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश करने की कार्रवाई की जा रही है।



### दो गोल से जीत दर्ज कर लखनऊ पहुंचा सेमी फाइनल में

शक्तिफार्म। टैगोर नगर में टैगोर ट्रॉफी फुटबॉल टूर्नामेंट जारी है। सोमवार को प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। लखनऊ ने रुद्रपुर स्टेडियम को 2-0 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। लखनऊ के मयंक को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। मैच का शुभारंभ पूर्व डीसीबी चेयरमैन योगेंद्र रावत और आनंद बिष्ट ने किया।

# स्वास्थ्य भवन में लगी आग, सेवानिवृत्त एएनएम की जलकर मौत

उत्तरकाशी

हमारे संवाददाता

मोरी के आराकोट क्षेत्र में देर रात पुराने स्वास्थ्य भवन में अचानक आग लग गई। घटना में सेवानिवृत्त एएनएम की जान चली गई।

मोरी प्रखंड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र आराकोट के पुराने भवन में मंगलवार देर रात भीषण आग लगने से पूरा भवन जलकर राख हो गया। आग की चपेट में आने से वर्षों से भवन में रह रही सेवानिवृत्त एएनएम पार्वती जैन की दर्दनाक मौत हो गई। घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

ज नकारी के अनुसार मंगलवार देर रात पुराने स्वास्थ्य केंद्र भवन में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरे भवन को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस ने मोरी, त्यूणी तथा पड़ोसी राज्य हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू से अग्निशमन वाहनों को मौके पर बुलाया। तीनों स्थानों से पहुंची अग्निशमन टीमों तथा पुलिस प्रशासन ने कई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक भवन पूरी तरह जल चुका था। आग की चपेट में आने से भवन में अकेले रह रही सेवानिवृत्त एएनएम पार्वती जैन की मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों के अनुसार पार्वती जैन वर्षों पूर्व स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त होने के बाद से इसी पुराने भवन में रह रही थीं।

# लेक सिटी वेलफेयर क्लब फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता की तैयारी में जुटा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

लेक सिटी वेलफेयर क्लब की बैठक सोमवार को कलब की अध्यक्ष कविता त्रिपाठी की अध्यक्षता में हुई। बैठक में तय किया गया कि कलब द्वारा स्वर्गीय सुषमा साह फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन 4 अकटूबर (रविवार) को नगर के सीआरएसटी इंटर कॉलेज में आयोजित की जाएगी।

कार्यक्रम की सफलता के लिए रानी शाह को संयोजक जबकि प्रेमा अधिकारी एवं दीपिका बिनबाल को सह संयोजक नियुक्त किया गया। तय किया गया कि प्रतियोगिता तीन चरणों सब जूनियर 3 से 6 तथा जूनियर 7 से 11 वहीं सीनियर वर्ग 12 से 15 वर्ग में आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता ओपन टू ऑल होगी। कलब की सचिव डा. प्रगति जैन ने बताया



प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों को मंच मुहैया कराना जिससे अपनी प्रतिभा को निखार सके जिस किसी भी प्रतिभागी को प्रतियोगिता में भाग लेना है वह 8755513254 में एंट्री करा सकते हैं। प्रतियोगिता सुबह 110 बजे से आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में प्रत्येक स्कूल से 10 बच्चे भाग ले सकते हैं। प्रतियोगिता के आयोजक संजय साह ने बताया उनके द्वारा विगत पांच वर्षों से इस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी इस प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता की तैयारी में गीता शाह, हेमा भट्ट, दीपा पांडे, रमा भट्ट, सीमा सेठ, जीवंती भट्ट, मीनाक्षी कीर्ति, कंचन जोशी, निवेदिता मेहरोत्रा तथा भावना शाह आदि सदस्य लगे हैं।